तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **क्षितिज बलवदा बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 129/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13–12–24	अपीलार्थी क्षितिज बलवदा निवासी फतेहगढ़–3, ब्यावर ट्रांसमिशन लि., राजस्थान ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 19/07/2024 में जोधपुर जिलें की तहसील बिलाड़ा में स्थित ग्राम पडासला के खसरा संख्या 246 व ग्राम बिलाडा चक–3 के खसरा संख्या 4273 व 4277 की भूमि के संबंध में अनुसूचित जाति/जनजाति एवं परम्परागत वन निवासी अधिनियम 2006 के तहत एवं अन्य किसी आवेदक को किसी भी प्रकार के अधिका से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (ग्रामीण) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर–ग्रामीण	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.13 18:03:18 IST
Reason: Approved